( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 )

O.I.G.S.

डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2021-23

राजस्थान

रोज़गार संदेश

(पाक्षिक)

(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)

वर्ष 44 अंक 5 Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in 15 अप्रैल, 2021 फोन : 2368398 मूल्य : 2.00 वार्षिक शुल्क 40 रु

# गृह विज्ञान के क्षेत्र में रोजगार के अवसर

-नगेन्द्र नारायण किराडू

*पहला सुख निरोगी काया।* यह बात सर्व विदित है। और यह सही भी है, क्योंकि एक स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मस्तिष्क रहता है। और वर्तमान में भोजन एवं स्वास्थ्य को लेकर सभी चिन्तित है। क्योंकि अनेक रोगों का कारण दूषित पर्यावरण है।

कदाचित यही कारण है आज शिक्षा के माध्यम से इस क्षेत्र में जागृति लाने का प्रयास किया जा रहा है। इसलिए आज गृह विज्ञान एक अन्तरा विषय क्षेत्र है, जिसमें विज्ञान विषय के अनेक विषय शामिल हैं। जैसे रसायन विज्ञान, भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान और शरीर विज्ञान, बाल विकास विषय के अध्ययन के दौरान पढने पड़ते हैं। यदि कोई इनको ढंग से पढ़ ले तो रोजगार और स्वरोजगार के क्षेत्र इनके लिए खुल जाएंगे। वर्तमान में गृह विज्ञान एक ऐसा भौतिक विषय है, जो छात्राओं को तो प्रिय है ही इसमें रोजगार एवं स्वरोजगार की अनेक संभावनाएं हैं। इस विषय में विश्लेषित मस्तिष्क वैज्ञानिक कुशाग्र बुद्धि के साथ-साथ व्यवहारिक सौन्दर्य परखता और सृजनशीलता का समावेश होना भी आवश्यक है।

## *विषय एवं शिक्षा के अवसर*

गृह विज्ञान में प्रवेश पाने के लिए जेईटी परीक्षा उत्तीर्ण करने पर स्नातक होम साइंस में प्रवेश मैरिट के आधार पर दिया जाता है। गृह विज्ञान स्कूल स्तर पर सीनियर सैकण्डरी तक ऐच्छिक विषय के रूप में लिया जा सकता है। गृह विज्ञान शिक्षा के मुख्यतः चार चरण है। प्रथम डिप्लोमा चरण फिर स्नातक स्तर एम.फिल और पीएच.डी. आदि हैं।

## *गृह विज्ञान रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर*

गृह विज्ञान विषय में रोजगार की संभावनाएं संगठनों एवं अस्पतालों तथा खाद्य एवं पोषण से जुड़े संस्थानों एवं खाद्य सेवाओं में कॅरियर की अपार संभावनाएं है। भौतिक स्तर पर स्कूल, कॉलेज, विश्वविद्यालय आदि में अध्यापक व्याख्याता, रीडर, प्रोफेसर के साथ-साथ सामाजिक कार्यकर्ता, मनोवैज्ञानिक तथा अनुसंधानकर्ता के रूप में भी कार्य करता है।

इसके अलावा गृह विज्ञान के छात्र-छात्राएं पोषण सलाहकार अनुसंस्थान सहायक, खाद्य विश्लेषण, खाद्य वैज्ञानिक, डेमोस्टेटर के रूप में भी कार्य कर सकते हैं। निजी क्षेत्र में स्वरोजगार के अवसरों में प्रमुख रूप से पारिवारिक सलाहकार के रूप में, खाद्य उत्पादक, शिक्षा आधार खाद्य उत्पादकों के विक्रय तथा विक्रय संवर्धन के रूप में भी कॅरियर के विकल्प है। इसके अलावा वस्त्र एवं पहनावा आन्तरिक सज्जा, फर्नीसिंग में विशेषज्ञ के रूप में भी कार्य कर सकते हैं। इसके अलावा कैटरिंग, उनके कन्फेक्शनरी एवं बैकरी, पकाना एवं परोसने के विशेष प्रबंधन के रूप में भी गृह विज्ञान के क्षेत्र में रोजगार की संभावनाएं है।

गृह विज्ञान में संसाधन प्रबंधन के रूप में भी रोजगार एवं स्वरोजगार प्राप्त कर सकते हैं और इन सबके लिए ज्यादा उपकरण एवं खर्चे की भी आवश्यकता नहीं है। इसमें आन्तरिक सज्जा, स्वास्थ्य केन्द्र, प्रशिक्षण केन्द्र, शृंगार केन्द्र, चाइल्ड केयर, वृद्धाश्रम, कपड़ा एवं परिधान डिजाइनिंग एवं मानव विकास के क्षेत्र में मानव सेवा के साथ-साथ रोजगार एवं स्वरोजगार भी प्राप्त कर सकते हैं।

## *गृह विज्ञान में मुख्य रूप से पांच विधाएं हैं :-*

1. खाद्य एवं पोषण
2. संसाधन प्रबंधन
3. मानव विकास
4. कपड़ा तथा परिधान विज्ञान
5. संचार एवं विस्तार विज्ञान

## *संभाग खाद्य एवं पोषण*

1. इलेक्टिव कोर्स
2. खाद्य सर्विस संस्था व्यवस्था प्रबंधन
3. खाद्य प्रबंधन
4. खाद्य सर्विस व्यवस्था प्रबंधन

## कैटरिंग (खानपान) में इन्टर्नशिप

1. कॅरियर ऑपर्च्युनिटी
2. स्वयं की कैटरिंग इकाई
3. कैटरिंग संस्था में इम्पलाईमेंट एफ एण्ड बी तथा आहार तिर्थारण डिर्पा. में मैनेजर

(शेष पृष्ठ 5 पर)



भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग

# परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र

सेक्टर-1, ब्लॉक-एएफ, बिधान नगर, कोलकाता-700064

## विज्ञापन सं. वीईसीसी-01/2021

**आवेदन-पत्र प्राप्ति की अंतिम तिथि: 20.05.2021**

''भारत सरकार का प्रयास ऐसे कार्यबल के प्रति है जिसमें लिंग संतुलन झलकता है और महिला अभ्यर्थियों को आवेदन करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है''

**वीईसीसी (परिवर्ती ऊर्जा साइक्लोट्रॉन केंद्र), कोलकाता** में निम्नलिखित पदों पर नियुक्ति के लिए पात्र उम्मीदवारों (केवल भारतीय नागरिकों) से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित किए जाते हैं. विज्ञापित पदों में बकाया रिक्तियां भी शामिल हैं.

I. विज्ञापित पद :

| पद कोड | पद का नाम | पदों की संख्या | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | अजा | अजजा | अपिव | ईडब्ल्यूएस | पीडब्ल्यूडी (अपिव) | अना भूपूसै | अना | कुल |
| | **सीधी भर्ती** | | | | | | | | |
| डीआर/01 | महिला नर्स 'ए' | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | **01** |
| डीआर/02 | सब-ऑफिसर 'बी' | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | **01** |
| डीआर/03 | ड्राइवर (साधारण ग्रेड) | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 01 | 00 | **03** |
| डीआर/04 | कार्य सहायक 'ए' | 00 | 01 | 01 | 01 | 00 | 00 | 02 | **05** |
| डीआर/05 | कैंटीन अटेंडेंट | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| | **कुल** | **01** | **01** | **03** | **02** | **00** | **01** | **04** | **12** |
| | **स्टाइपेंडरी ट्रेनी** | | | | | | | | |
| टीआर/01 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (भौतिकी) | 01 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 01 | **04** |
| टीआर/02 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 01 | 00 | 02 | 00 | 01 | 00 | 01 | **05** |
| टीआर/03 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (मैकेनिकल) | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **01** |
| टीआर/04 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (सिविल) | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | **01** |
| | **कुल** | **02** | **00** | **04** | **01** | **01** | **00** | **03** | **11** |
| टीआर/05 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (भौतिकी) | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 01 | **03** |
| टीआर/06 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (कम्प्यूटर) | 00 | 00 | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | **02** |
| टीआर/07 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रॉनिक्स) | 02 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 04 | **09** |
| टीआर/08 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इंस्ट्रूमेंटेशन) | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 00 | 01 | **01** |
| टीआर/09 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रिकल) | 01 | 01 | 02 | 00 | 00 | 00 | 02 | **06** |
| टीआर/10 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (मशीनिस्ट) | 01 | 00 | 00 | 01 | 00 | 00 | 01 | **03** |
| टीआर/11 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (फिटर) | 00 | 01 | 01 | 00 | 00 | 00 | 00 | **02** |
| टीआर/12 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (रेफ्रिजरेशन/एअर कंडीशनिंग) | 01 | 00 | 01 | 00 | 00 | 00 | 01 | **03** |
| | कुल | **05** | **03** | **07** | **03** | **01** | **00** | **10** | **29** |

**II. शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता और अनुभव :**

| पद कोड | पद का नाम | शैक्षणिक/तकनीकी अर्हता और अनुभव |
|---|---|---|
| डीआर/01 | महिला नर्स 'ए' | एचएससी/XII स्टैंडर्ड और नर्सिंग एवं मिडवाइफरी में डिप्लोमा (3 वर्षीय पाठ्यक्रम) + भारत में केंद्रीय/राज्य नर्सिंग परिषद से 'ए' ग्रेड नर्स के तौर पर वैध पंजीकरण. **अथवा**<br>**बीएससी (नर्सिंग)**<br>(नर्सिंग में बीएससी डिग्री धारण करने वाले उम्मीदवारों को भर्ती के समय दो अतिरिक्त वेतनवृद्धियां (आमेलन रहित) प्रदान करने के लिए विचार किया जा सकता है) |
| डीआर/02 | सब-ऑफिसर/बी | 50 प्रतिशत अंकों के साथ एचएससी (10+2) (कैमिस्ट्री के साथ साइंस) या समकक्ष नेशनल फायर सर्विस कॉलेज, नागपुर से सब-ऑफिसर्स कोर्स उत्तीर्ण किया हो और नीचे वर्णित **(i) अथवा** (ii) रखते हों:<br>**(i)** 12 वर्ष (5 वर्ष लीडिंग फायरमैन के तौर पर) अनुभव जिसमें से कम से कम 2 वर्ष का संगत अनुभव अपेक्षित अर्हता प्राप्त करने के उपरांत अवश्य होना चाहिए.<br>**अथवा**<br>**(ii)** फायरमैन/ड्राइवर-सह-ऑपरेटर के तौर पर 15 वर्षों का संगत अनुभव जिसमें से कम से कम 2 वर्ष का संगत अनुभव अपेक्षित अर्हता प्राप्त करने के उपरांत अवश्य होना चाहिए.<br>(वैध भारी वाहन ड्राइविंग लाइसेंस रखने वाले व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी) |
| डीआर/03 | ड्राइवर (ओजी) | **अनिवार्य: (i)** दसवीं स्टैंडर्ड उत्तीर्ण, **(ii)** हल्के और भारी वाहनों को चालने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखते हों, **(iii)** मोटर यंत्रीकरण का ज्ञान (उम्मीदवार वाहन में छोटे-मोटे दोष दूर करने में योग्य होना चाहिए), **(iv)** कम से कम 3 वर्ष का हल्के या भारी वाहन को चलाने का समेकित अनुभव.<br>**वांछनीय:** दुपहिया चलाने के लिए वैध ड्राइविंग लाइसेंस रखते हों. |
| डीआर/04 | कार्य सहायक 'ए' | दसवीं स्टैंडर्ड उत्तीर्ण. |
| डीआर/05 | कैंटीन अटेंडेंट | मान्यताप्राप्त बोर्ड या संस्थान से मैट्रिकुलेशन या समकक्ष. |
| टीआर/01 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (भौतिकी) | न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ बीएससी (भौतिक प्रधान विषय और गणित/कैमिस्ट्री/सांख्यिकी/इलेक्ट्रॉनिक्स/कम्प्यूटर विज्ञान सहायक विषयों के तौर पर) |
| टीआर/02 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | इलेक्ट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा* |
| टीआर/03 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (मैकेनिकल) | मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा* |
| टीआर/04 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (सिविल) | सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा* |
| *डिप्लोमा की अवधि या तो एसएससी के उपरांत 3 वर्ष अथवा एचएससी के उपरांत 2 वर्ष होनी चाहिए साथ में डिप्लोमा में कुल मिलाकर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंक होने चाहिए. | | |
| टीआर/05 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (भौतिकी) | न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ एसएससी (दसवीं स्टैंडर्ड) साथ में संगत ट्रेड में कम से कम दो वर्ष की अवधि का ट्रेड प्रमाणपत्र. **अथवा** |
| टीआर/06 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (कम्प्यूटर) | भौतिकी, कैमिस्ट्री और गणित विषयों के साथ न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ विज्ञान स्ट्रीम एचएससी (बारहवीं स्टैंडर्ड). |
| टीआर/07 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रॉनिक्स) | कुल मिलाकर न्यूनतम 60 प्रतिशत अंकों के साथ एसएससी (विज्ञान और गणित के साथ) जमा संगत ट्रेड में ट्रेड प्रमाणपत्र. |
| टीआर/08 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इंस्ट्रूमेंटेशन) | उम्मीदवारों को ट्रेड प्रमाणपत्रों के संबंध में निम्नलिखित में से कोई भी अपेक्षा को पूरा करना चाहिए: |
| टीआर/09 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रिकल) | दो वर्षीय अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट). **अथवा** प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अधीन दो वर्षीय अवधि का एनएसी. **अथवा** |
| टीआर/10 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (मशीनिस्ट) | एक वर्ष की अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट) साथ में पाठ्यक्रम पूरा करने के उपरांत एक वर्ष का संगत कार्यानुभव. **अथवा** |
| टीआर/11 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (फिटर) | एक वर्ष की अवधि का एनटीसी (आईटीआई पास आउट) जमा प्रशिक्षुता प्रशिक्षण योजना के अधीन न्यूनतम एक वर्ष की अवधि का एनएसी. |
| टीआर/12 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (रेफ्रिजरेशन/एअर कंडीशनिंग) | |

**III. 20.05.2021 को आयु सीमा, परिलब्धियां/वृत्तिका, सेवा का समूह:**

| पद कोड | पद का नाम | सेवा का समूह | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | एंट्री वेतन (रु.) | न्यूनतम आयु | अधिकतम आयु | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | अजा | अजजा | अपिव | अना |
| | **सीधी भर्ती** | | | | | | | | |
| डीआर/01 | महिला नर्स/ए | बी | 7 | 44900 | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 30 |
| डीआर/02 | सब-ऑफिसर/बी | बी | 6 | 35400 | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 40 |
| डीआर/03 | ड्राइवर (ओजी) | सी | 2 | 19900 | 18 | ला.न. | ला.न. | 30 | 27 |
| डीआर/04 | कार्य सहायक 'ए' | सी | 1 | 18000 | 18 | ला.न. | 32 | 30 | 27 |
| डीआर/05 | कैंटीन अटेंडेंट | सी | 1 | 18000 | 18 | 32 | ला.न. | 30 | ला.न. |

➢ एंट्री वेतन के अलावा केंद्रीय सरकार के नियमों के अधीन भत्ते देय होंगे.

➢ सब-ऑफिसर/बी: लंबा अनुभव और उत्कृष्ट मैरिट तथा विभागीय उम्मीदवार होने से संबंधित उम्मीदवारों के मामले में ऊपरी आयु सीमा में अधिकतम 5 वर्ष की छूट दी जाएगी.

| | स्टाइपेंडरी ट्रेनी | वृत्तिका (रु.) | | न्यूनतम आयु | अजा | अजजा | अपिव | अना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| टीआर/01 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (भौतिकी) | | | 18 | 29 | ला.न. | 27 | 24 |
| टीआर/02 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | पहला वर्ष | 16000/- | 18 | 29 | ला.न. | 27 | 24 |
| टीआर/03 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (मैकेनिकल) | द्वितीय वर्ष | 18000/- | 18 | ला.न. | ला.न. | 27 | 24 |
| टीआर/04 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (सिविल) | | | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 24 |
| टीआर/05 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (भौतिकी) | | | 18 | ला.न. | ला.न. | 25 | 22 |
| टीआर/06 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (कम्प्यूटर) | | | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 22 |
| टीआर/07 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रॉनिक्स) | प्रथम वर्ष | 10500/- | 18 | 27 | 27 | 25 | 22 |
| टीआर/08 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इंस्ट्रूमेंटेशन) | द्वितीय वर्ष | 12500/- | 18 | ला.न. | ला.न. | ला.न. | 22 |
| टीआर/09 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (इलेक्ट्रिकल) | | | 18 | 27 | 27 | 25 | 22 |
| टीआर/10 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (मशीनिस्ट) | | | 18 | 27 | ला.न. | ला.न. | 22 |
| टीआर/11 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (फिटर) | | | 18 | ला.न. | 27 | 25 | 22 |
| टीआर/12 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (रेफ्रिजरेशन/एअर कंडीशनिंग) | | | 18 | 27 | ला.न. | 25 | 22 |

(क्रमशः)

**टिप्पणी:** केवल मैट्रिकुलेशन प्रमाणपत्र या समकक्ष प्रमाणपत्र/म्यूनिसिपल जन्म प्रमाणपत्र में इंगित जन्म तिथि को स्वीकार किया जाएगा. बाद में परिवर्तन के लिए अनुरोध की अनुमति नहीं होगी.

निःशक्त व्यक्तियों (पीडब्ल्यूडी) (दिव्यांगों) के लिए चिन्हित पदः

| पद कोड | पद का नाम | के लिए चिन्हित | |
|---|---|---|---|
| टीआर/02 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-I (इलेक्ट्रॉनिक्स) | एचएच | एचएचः श्रव्य विकलांग अथवा निःशक्त (आंशिक बहरा-पीडी) |
| टीआर/06 | स्टाइपेंडरी ट्रेनी, श्रेणी-II (कम्प्यूटर) | एचएच/ओएच | एचएचःश्रव्य विकलांग अथवा निःशक्त (आंशिक बहरा-पीडी)<br>ओएचः अस्थि विकलांग (ओएल-एक टांग प्रभावित) |

**(टिप्पणी: ''श्रव्य विकलांग'' से आशय फ्रिक्वेन्सी की बातचीत की रेंज में बेहतर कान में 60 डेसिबल्स या अधिक की हानि है. निःशक्त व्यक्तियों के लिए शारीरिक विकृति 40 प्रतिशत से अधिक नहीं होनी चाहिए)**

**आयु सीमा निम्नानुसार शिथिलनीय है:**

| | |
|---|---|
| 1. | चिन्हित पदों के लिए निःशक्त व्यक्तियों पीडब्ल्यूडी-अपिव के लिए 13 वर्ष तक शिथिलनीय है. |
| 2. | भूतपूर्व सैनिकों के लिए आयु में छूट सरकारी आदेशानुसार होगी (सैन्य सेवा की अवधि जमा 3 वर्ष). (केवल सीधी भर्ती पद (पद कोड डीआर के साथ) के लिए लागू). |
| 3. | विभागीय उम्मीदवार जिन्होंने कम से कम 3 वर्ष की निरंतर और नियमित सेवा समान पंक्ति में अथवा संबद्ध संवर्ग में आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को पूरी कर ली है वे भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए पात्र हैं. (केवल पद कोड डीआर के लिए लागू). |
| 4. | 1984 के दंगों में मारे गये व्यक्तियों के बच्चों/पारिवारिक सदस्यों को ऊपरी आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट देय होगी. |
| 5. | ऊपरी आयु सीमा में उन व्यक्तियों के लिए, सरकारी आदेशानुसार 5 वर्ष की छूट देय होगी जो कि 1 जनवरी 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर राज्य की कश्मीर डिविजन में अधिवासी रहे है. यद्यपि ऊपरी आयु सीमा में छूट जम्मू एवं कश्मीर तथा लद्दाख संघ शासित प्रदेश के संबंध में भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप लागू होगी. |
| 6. | विधवाओं, तलाकशुदा महिलाओं और अपने पतियों से न्यायिक रूप से अलग हुई महिलाएं तथा जिन्होंने पुनः विवाह नहीं किया है भारत सरकार के आदेशों के अनुरूप आयु में छूट प्राप्त करने की पात्र हैं (केवल डीआर पदों के लिए लागू). |
| 7. | उत्कृष्ट खिलाड़ी व्यक्ति भारत सरकार के आदेशानुसार ऊपरी आयु सीमा में छूट के लिए पात्र हैं. |

**IV चयन पद्धतिः**

| पद कोड | चयन पद्धति |
|---|---|
| डीआर/01 | चयन प्रक्रिया में 3 चरणों में परीक्षाएं शामिल होंगी-**चरण-1, चरण-2 और चरण-3**<br>**चरण 1- प्रारंभिक परीक्षा:** उम्मीदवारों को लघुसूचीबद्ध करने के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जानी है. स्क्रीनिंग परीक्षाओं का स्वरूप सभी ट्रेडों/विषयक्षेत्रों के लिए कॉमन होगा और निम्नलिखित स्वरूप में होगा:-<br>1. परीक्षा निम्नलिखित अनुपात में एक घण्टा अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों के विकल्प) शामिल किए जाएंगेः<br>क. गणित - 20 प्रश्न<br>ख. विज्ञान - 20 प्रश्न<br>ग. सामान्य जागरूकता - 10 प्रश्न<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा.<br>सामान्य श्रेणी में 40 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ 30 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी.<br>**चरण 2- उन्नत परीक्षा:** चरण 1 में स्क्रीन किए गए सभी उम्मीदवारों को उनकी संबंधित ट्रेड/विषयक्षेत्र में चरण 2 (उन्नत परीक्षा) में शामिल होने की अनुमति दी जाएगी.<br>1. **परीक्षा में दो घण्टा** अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों के विकल्प) शामिल होंगे.<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा.<br>3. उम्मीदवारों की मैरिट सूची केवल चरण 2 में प्राप्त स्कोर्स के अनुरूप चरण-2 के आधार पर तैयार की जाएगी.<br>सामान्य श्रेणी में 30 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ 20 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी.<br>**चरण 3-कौशल परीक्षा:**<br>1. चरण-2 के उपरांत तैयार की गई मैरिट सूची के अनुरूप, उम्मीदवारों को चरण-3 (कौशल परीक्षा) के लिए लघुसूचीबद्ध किया जाएगा.<br>2. कौशल परीक्षा के लिए अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों की संख्या चरण-2 में अर्हता प्राप्त उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी परंतु प्रत्येक ट्रेड में रिक्तियों की संख्या का 4-5 गुणा से अधिक नहीं होगी.<br>3. कौशल परीक्षा गो/नो-गो आधार पर होगी.<br>कौशल परीक्षा में सफल होने वाले उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा और चरण-2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट क्रम में पैनलबद्ध किया जाएगा. |
| डीआर/02 | चयन प्रक्रिया में 3 चरणों में परीक्षाएं शामिल होंगी-**चरण-1, चरण-2 और चरण-3**<br>**चरण-1 :** अपेक्षाएं पूरी करने वाले आवेदकों को नीचे सारणी-1 के अनुरूप शारीरिक मानदंडों के मूल्यांकन के लिए बुलाया जाएगा. जो शारीरिक मानदंडों को पूरा करते हैं उन्हें नीचे सारणी-2 में निर्धारित मानदंड के अनुरूप शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा से गुजरना अपेक्षित होगा.<br>**चरण-2 : प्रारंभिक परीक्षा:** चरण-1 में सफल होने वाले अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा के लिए उपस्थित होने की अनुमति होगी. एक घण्टा अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (चार उत्तरों के विकल्प) (गणित-20 प्रश्न, विज्ञान-20 प्रश्न, सामान्य जागरूकता-10 प्रश्न).<br>**अंक योजना:** प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा.<br>**टिप्पणी:** सामान्य श्रेणी में 40 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ 30 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी.<br>**चरण-3: उन्नत परीक्षा:**<br>1. चरण-2 (प्रारंभिक परीक्षा) उत्तीर्ण करने वाले अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवार उन्नत परीक्षा के लिए पात्र होंगे जिसमें संबंधित ट्रेडों में 50 बहु विकल्प प्रश्न होंगे. **परीक्षा की अवधि 2 घण्टा होगी.**<br>2. 50 बहु विकल्प प्रश्न (चार उत्तरों के विकल्प के साथ), प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा.<br>सामान्य श्रेणी में 30 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ20 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी. अंतिम मैरिट सूची चरण-3 में अर्जित अंकों के आधार पर तैयार की जाएगी. |
| डीआर/03 | **चयन प्रक्रिया में निम्नलिखित शामिल होगा:**<br>**लेवल 1 परीक्षा:** लिखित परीक्षा (वस्तुनिष्ठ)-सामान्य जागरूकता, सामान्य बुद्धिमत्ता, प्रारंभिक गणित और सामान्य अंग्रेजी तथा हिंदी. ड्राइविंग तकनीक और मोटर कार यंत्रीकरण जिसका उद्देश्य ड्राइविंग कौशलों और प्रक्रियाओं की जांच करना है, ड्राइवरों की ड्यूटियां, ईंधन दक्षता और ईंधन किफायत, वाहनों का बुनियादी रखरखाव, सर्विसिंग, इमरजेंसी हैंडलिंग तकनीक, वाहनों के लिए अपेक्षित औजार और दस्तावेज, वाहनों के प्रकार, यातायात नियम और विनियम, यातायात सिग्नल्स, यातायात संकेतों, हाथों के इशारे और रोड चिन्हों को पहचानने की योग्यता, वाहन प्रणालियों की असेम्बलीज के बारे में सामान्य प्रश्न आदि.<br>जहां कहीं बड़ी संख्या में उम्मीदवार लेवल-1 परीक्षा में न्यूनतम अर्हक अंक प्राप्त कर लेते हैं, लेवल-2 परीक्षा के लिए उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा. 20 रिक्तियों तक के लिए लेवल-1 परीक्षा के आधार पर उम्मीदवारों का अल्पसूचीकरण 1:20 के अनुपात में उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा अर्थात प्रत्येक एकल रिक्ति के लिए 20 उम्मीदवारों को लेवल-2 परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा.<br>**लेवल 2 परीक्षा:** ड्राइविंग परीक्षा-इसका उद्देश्य ड्राइविंग कौशल मोटर ड्राइविंग, मोटर यंत्रीकरण तथा यातायात नियमों और विनियमों के ज्ञान की जांच करना है. पैनलबद्धता के लिए मानदंड लेवल 1 और लेवल 2 में प्रदर्शन के आधार पर किया जाएगा. लेवल 1 और 2 के लिए अधिमान निम्नानुसार दिया जाएगाः<br>लेवल-1 वस्तुनिष्ठ लिखित परीक्षाः 40%<br>लेवल-2 ड्राइविंग परीक्षाः 60%<br>सामान्य उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम अर्हक अंक 50 प्रतिशत और आरक्षित उम्मीदवारों के लिए 40 प्रतिशत है. |
| डीआर/04 | चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा. लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, अंकगणित शामिल होगा. लिखित परीक्षा में समान अंकों के मामले में, मैरिट सूची में स्थान का निर्णय करने के लिए क्रम में निम्नलिखित मानदंड अपनाया जाएगाः<br>● 10वीं स्टैंडर्ड में कुल मिलाकर उच्चतर अंक प्रतिशतता वाले उम्मीदवार को मैरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा.<br>● बड़े उम्मीदवार (आयु में) उम्मीदवार को मैरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा. |
| डीआर/05 | चयन केवल लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा. लिखित परीक्षा में सामान्य ज्ञान, सामान्य अंग्रेजी, अंकगणित **शामिल होगा.** लिखित परीक्षा में समान अंकों के मामले में, मैरिट सूची में स्थान का निर्णय करने के लिए क्रम में निम्नलिखित मानदंड अपनाया जाएगाः<br>● 10वीं स्टैंडर्ड में कुल मिलाकर उच्चतर अंक प्रतिशतता वाले उम्मीदवार को मैरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा.<br>● बड़े उम्मीदवार (आयु में) उम्मीदवार को मैरिट सूची में ऊपर रखा जाएगा. |
| टीआर/01 से टीआर/04 तक | 1. एक घण्टा अवधि की लिखित परीक्षा आयोजित की जाएगी और इसमें 40 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों के विकल्प) **शामिल** होंगे. प्रत्येक सही उत्तर के लिए 3 अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए 1 अंक काटा जाएगा. उक्त परीक्षा के लिए पाठ्यक्रम डिप्लोमा/बी.एससी स्तर के विषयों, जो भी मामला होगा, पर आधारित होगा.<br>2. लिखित परीक्षा में अर्हक उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा.<br>3. अंतिम चयन और रैंकिंग साक्षात्कार में उम्मीदवार के प्रदर्शन के आधार पर होगी और लिखित परीक्षा में अर्जित अंकों के लिए कोई अधिमान नही दिया जाएगा. इस संबंध में अनुसंधान केंद्र का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा. |
| टीआर/05 से टीआर/12 तक | चयन प्रक्रिया में 3 चरण-**चरण 1, चरण 2 और चरण 3** शामिल होंगे.<br>**चरण 1 - प्रारंभिक परीक्षा:** उम्मीदवारों को अल्पसूचीबद्ध करने के लिए स्क्रीनिंग परीक्षा आयोजित की जाएगी. स्क्रीनिंग परीक्षा का स्वरूप सभी ट्रेडों के लिए सामान्य होगा और इसका निम्नलिखित स्वरूप होगाः<br>1. परीक्षा में निम्नलिखित अनुपात में एक घण्टा अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों के विकल्प) शामिल किए जाएंगेः<br>(क) गणित - 20 प्रश्न<br>(ख) विज्ञान - 20 प्रश्न<br>(ग) सामान्य जागरूकता - 10 प्रश्न<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए '3' अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए '1' अंक काटा जाएगा.<br>सामान्य श्रेणी में 40 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. **आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ30 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी.**<br>**चरण 2 - उन्नत परीक्षा:** चरण 1 में स्क्रीन किए गए सभी उम्मीदवारों को उनके संबंधित ट्रेड में चरण 2 (उन्नत परीक्षा) में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी.<br>1. परीक्षा में दो घण्टा अवधि के 50 बहु विकल्प प्रश्न (4 उत्तरों का विकल्प) प्रकार के प्रश्न सम्मिलित होंगे.<br>2. प्रत्येक सही उत्तर के लिए '3' अंक प्रदान किए जाएंगे और प्रत्येक गलत उत्तर के लिए '1' अंक काटा जाएगा.<br>3. उम्मीदवारों की मैरिट सूची केवल चरण-2 में प्राप्त स्कोर्स के अनुरूप चरण-2 के उपरांत तैयार की जाएगी.<br>सामान्य श्रेणी में 30 प्रतिशत से कम अर्जित करने वाले उम्मीदवारों को स्क्रीन आउट कर दिया जाएगा. आरक्षित श्रेणियों के लिए निचली कट ऑफ20 प्रतिशत से नीचे निर्धारित नहीं की जाएगी.<br>**चरण 3-कौशल परीक्षा :**<br>1. चरण-2 के उपरांत तैयार मैरिट सूची के आधार पर, उम्मीदवारों को चरण 3 (कौशल परीक्षा) के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा.<br>2. कौशल परीक्षा के लिए अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों की संख्या चरण 2 में अर्हक उम्मीदवारों की संख्या पर निर्भर करेगी परंतु यह प्रत्येक ट्रेड में रिक्तियों की संख्या के 4-5 गुणा से अधिक नहीं होगी.<br>3. कौशल परीक्षा गो/नो-गो आधार पर होगी.<br>4. कौशल परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले उम्मीदवारों को चरण 2 में प्राप्त अंकों के आधार पर मैरिट क्रम में अल्पसूचीबद्ध और पैनलबद्ध किया जाएगा. |

(क्रमशः)

**सारणी-1- फायर सर्विस पदों के लिए शारीरिक मानदंड (डीआर/02)**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | कोई विकृति न हो. | |
| 2 | ऊंचाई | 165 सें.मी. (न्यूनतम). |
| 3 | भार | 50 कि.ग्रा. (न्यूनतम). |
| 4 | सीना | 81 सें.मी. (सामान्य) और न्यूनतम 86 सें.मी.(विस्तार करने पर). |
| 5 | दृष्टि | (क) 6/6, चश्मा अथवा कोई अन्य उपकरण पहने बग़ैर |
| | | (ख) रत्तौन्धी/रंगांधता को अयोग्यता माना जाएगा. |

**सारणी-2-शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा (डीआर/02)**

**शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा का विवरण : सब ऑफिसर/बी के पद के लिए**

| क्रम सं. | परीक्षा का विवरण | उम्मीदवार की आयु के अनुरूप | | |
|---|---|---|---|---|
| | | 40 वर्ष तक | 40-45 वर्ष के बीच | 45-50 वर्ष के बीच |
| 1. | 100 मीटर दौड़ने में सक्षम होने चाहिए. | 25 सेकेंड में | 28 सेकेंड में | 30 सेकेंड में |
| 2. | उपकरण से प्रत्येक 15 मीटर की 4 होज की लंबाई बिछाने में योग्य होने चाहिए. | 3 मिनट.<br>3 मिनट तक-10 अंक<br>3-4 मिनट के बीच-8 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-6 अंक<br>5 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 4 मिनट.<br>4 मिनट तक-10 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-8 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-6 अंक<br>6 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 5 मिनट.<br>5 मिनट तक-10 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-8 अंक<br>6-7 मिनट के बीच-6 अंक<br>7 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. |
| 3. | 10 मीटर लंबी विस्तार सीढ़ी पर दो बार चढ़ने और उतरने में योग्य होने चाहिए. | 2 मिनट.<br>2 मिनट तक-10 अंक<br>2-3 मिनट के बीच-8 अंक<br>3-4 मिनट के बीच-6 अंक<br>4 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 3 मिनट.<br>3 मिनट तक-10 अंक<br>3-4 मिनट के बीच-8 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-6 अंक<br>5 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 4 मिनट.<br>4 मिनट तक-10 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-8 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-6 अंक<br>6 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. |
| 4. | 25 मीटर से अधिक फायरमैन लिफ्ट पद्धति से लगभग अपने ही भार के व्यक्ति को उठाकर ले जाना. | 3 मिनट.<br>3 मिनट तक-10 अंक<br>3-4 मिनट के बीच-8 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-6 अंक<br>5 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 4 मिनट.<br>4 मिनट तक-10 अंक<br>4-5 मिनट के बीच-8 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-6 अंक<br>6 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 5 मिनट.<br>5 मिनट तक-10 अंक<br>5-6 मिनट के बीच-8 अंक<br>6-7 मिनट के बीच-6 अंक<br>7 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. |
| 5. | ''पुश अप'' करने में योग्य होना चाहिए. | 20 लगातार - 10 अंक (समानुपातिक कम संख्या में) | 15 लगातार - 10 अंक (समानुपातिक कम संख्या में) | 12 लगातार - 10 अंक (समानुपातिक कम संख्या में) |
| 6. | 1.6 कि.मी. दौड़ लगाने में योग्य होना चाहिए. | 10 मिनट.<br>10 मिनट तक-10 अंक<br>10-11 मिनट के बीच-8 अंक<br>11-12 मिनट के बीच-6 अंक<br>12 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 12 मिनट.<br>12 मिनट तक-10 अंक<br>12-13 मिनट के बीच-8 अंक<br>13-14 मिनट के बीच-6 अंक<br>14 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. | 14 मिनट.<br>14 मिनट तक-10 अंक<br>14-15 मिनट के बीच-8 अंक<br>15-16 मिनट के बीच-6 अंक<br>16 मिनट से अधिक-कोई अंक नहीं. |
| 7. | रस्सी/सीधी पाइप पर चढ़ना | 3 मीटर-10 अंक<br>2.5-3 मीटर के बीच-8 अंक<br>2-2.5 मीटर के बीच-6 अंक<br>2 मीटर से कम-कोई अंक नहीं. | ला.न. | ला.न. |

**टिप्पणी :**

| | |
|---|---|
| 1. | **उपर्युक्त के अलावा, सब ऑफिसर/बी के उम्मीदवार शारीरिक प्रशिक्षण, स्क्वैड ड्रिल्स, फायर फाइटिंग ड्रिल्स, फायर-फाइटिंग/ट्रेलर पंप ऑपरेशन्स के संचालन में योग्य होने चाहिए.** |
| 2. | **उपर्युक्त सारणी 2 के क्रम सं. 1 में वर्णित परीक्षा में उत्तीर्ण होना अनिवार्य है, अन्यथा उम्मीदवार को भर्ती के लिए अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा और आगे परीक्षाएं संचालित नहीं की जाएंगी.** |
| 3. | **क्रम सं 2 से क्रम सं 7 तक परीक्षाओं के लिए (समान अधिमान लेते हुए) एक साथ मिलाकर औसतन 90 प्रतिशत और अधिक अर्हक अंक प्रतिशतता अपेक्षित है.** |

**V. पद कोड टीआर/01 से टीआर/12 तक (स्टाइपेंडरी ट्रेनीज श्रेणी- I और II) के लिए अन्य शर्तें**

| | |
|---|---|
| 1. | **शारीरिक मानदंड :** न्यूनतम ऊंचाई: 160 सें.मी. न्यूनतम भार: 45.5 कि.ग्रा. (शिथिलनीय यदि उम्मीदवार अन्य प्रकार से चिकित्सा की दृष्टि से फिट है) |
| 2. | **प्रशिक्षण अवधि की कुल समयावधि:** दो वर्ष. |
| 3. | **प्रशिक्षण का दायरा:** चयनित उम्मीदवारों को प्रत्येक विषयक्षेत्र/ट्रेड के निर्धारित पाठ्यक्रम के अनुरूप और वीईसीसी की विशिष्ट अपेक्षाओं को पूरा करने के लिए संगत विषयक्षेत्रों/ट्रेडों के विभिन्न पहलुओं में कोलकाता में प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा. उम्मीदवारों के पास किसी खास प्रशिक्षण कार्यक्रम/प्रशिक्षण स्थान चुनने के लिए कोई विकल्प नहीं होगा. |
| 4. | **प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत ग्रेड:** प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने पर प्रशिक्षुओं को नियुक्ति के समय निम्नलिखित ग्रेड में आमेलन पर विचार किया जाएगा जो कि प्रशिक्षण की अवधि के दौरान और प्रशिक्षण के अंत में आयोजित किए जाने वाले साक्षात्कार में उनके प्रदर्शन पर निर्भर करेगा. |

| 5. | स्टाइपेंडरी ट्रेनीज | पद | वेतन मैट्रिक्स में लेवल | एंट्री वेतन (रु.) |
|---|---|---|---|---|
| | श्रेणी-I | वैज्ञानिक सहायक/सी | लेवल-7 | 44900 |
| | श्रेणी-II | तकनीशियन/बी | लेवल-3 | 21700 |
| | | तकनीशियन/सी | लेवल-4 | 25500 |

एंट्री वेतन के अलावा, केंद्रीय सरकार के नियमों के अधीन भत्ते देय होंगे.

**बॉण्ड:** चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण पूरा करने और वीईसीसी अथवा परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी संबद्ध इकाई में, यदि प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा करने के उपरांत नियुक्ति का प्रस्ताव किया जाता है, आमेलन के उपरांत 3 वर्ष की अवधि के लिए सेवा करने के लिए बॉण्ड निष्पादित करना होगा. कोई प्रशिक्षु प्रशिक्षण पूरा करने अथवा आमेलन के उपरांत 3 वर्ष के लिए सरकार की सेवा करने में असफल रहता है तो उसे प्रशिक्षण की अवधि के दौरान प्राप्त वृत्ति की राशि तथा पुस्तक भत्ता के बराबर राशि और उस पर ब्याज का सरकार को भुगतान करना होगा.

**VI आवेदन कैसे करें:**

| | |
|---|---|
| 1. | आवेदन-पत्र केवल ऑनलाइन स्वीकार किए जाएंगे. |
| 2. | **ऑनलाइन आवेदन की सुविधा 20.04.2021 से 20.05.2021 तक खुली रहेगी.** |
| 3. | आवेदन-पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने के लिए कृपया वेबसाइट **<recruit.vecc.gov.in>** पर पधारें. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि "How to apply" विकल्प पर क्लिक करते हुए हमारी वेबसाइट के होम पेज पर दिए गए अनुदेशों को पढ़ लें. |
| 4. | एक पद के लिए केवल एक आवेदन-पत्र स्वीकार्य है. यदि उम्मीदवार एक से अधिक पद के लिए आवेदन करना चाहता है, प्रत्येक पद के लिए अलग आवेदन-पत्र और फीस प्रस्तुत की जानी चाहिए. |
| 5. | **उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि बंद होने की तिथि (20.05.2021) के लिए इंतज़ार किए बिना अग्रिम तौर पर ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करें.** |
| | **आवेदन शुल्क:** |
| 1. | आवेदन शुल्क के भुगतान की पद्धति ऑनलाइन है. |
| 2. | अजा/अजजा, पीडब्ल्यूडी और महिला श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों के लिए फीस की छूट है. |
| 3. | भूतपूर्व सैनिकों को समूह ग पदों के लिए आवेदन शुल्क के भुगतान से छूट है. |
| 4. | डीआर/02, टीआर/01 से टीआर/04 तक के पदों के लिए रु. 150/- |
| 5. | डीआर/03 से डीआर/05 तक, टीआर/05 से टीआर/12 तक के पदों के लिए रु. 100/. |
| 6. | आवेदक के लिए आवेदन प्रपत्र में अपेक्षित सूचना भरना और इसे प्रस्तुत करना अपेक्षित है. सफल प्रस्तुति होने पर आवेदक को यदि अन्य प्रकार से फीस के भुगतान से छूट प्राप्त नहीं है, ऊपर किए गए उल्लेख के अनुसार आवेदन शुल्क जमा करने के लिए ऑनलाइन भुगतान साइट का एक लिंक प्राप्त होगा. आवेदक को ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि को अथवा इससे पूर्व वीईसीसी भर्ती पोर्टल पर खाते में लॉगिन करते हुए भुगतान की स्थिति को भी अद्यतन करना चाहिए. यदि देय तिथि के भीतर भुगतान की स्थिति को अद्यतन नहीं किया जाता है तो आवेदन-पत्र को अस्वीकार किया जा सकता है. |
| 7. | आवेदन-पत्र को भरने और फीस के भुगतान के लिए विस्तृत दिशानिर्देश **https://recruitment.vecc.gov.in** के होम पेज पर "How To Apply" के अधीन मैन्यु में उपलब्ध है. |
| 8. | फीस का एक बार भुगतान कर दिए जाने पर किसी भी स्थिति में इसे वापस नहीं किया जाएगा और न ही किसी अन्य भर्ती के लिए आरक्षित रखा जा सकता है. |
| 9. | आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाइन आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि को अथवा इससे पहले किया जाना चाहिए. |
| 10. | वीईसीसी लेनदेन की विफलता की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है और किसी भी पत्राचार/रिफंड, जो भी हो, पर विचार नहीं किया जाएगा. |

**VII सामान्य शर्तें :**

| | |
|---|---|
| 1. | यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि दूरस्थ शिक्षा पद्धति के जरिए बी.एससी. जैसे कार्यक्रम संचालित करने वाले विश्वविद्यालय/संस्थान डिस्टेंस एजुकेशन ब्यूरो (डीईबी-यूजीसी) से मान्यताप्राप्त हैं और तकनीकी कार्यक्रमों के मामले में, ये कार्यक्रम और संस्थान जहां से अर्हता प्राप्त की गई है देश में अभातशिप, एनसीटीई, मा.सं.वि. मंत्रालय आदि जैसी सर्वोच्च संस्थाओं से मान्यताप्राप्त हैं. |
| 2. | रिक्तियां अनंतिम और परिवर्तन के विषयाधीन हैं. विज्ञापन में इंगित रिक्तियों का भरा जाना सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के विषयाधीन भी है तथा समय-समय पर सरकार द्वारा जारी आदेशों के अनुरूप यदि अन्य तरह से निर्णय लिया जाता है इन्हें नहीं भी भरा जा सकता है. |
| 3. | प्रतीक्षा सूची के अधीन पैनलबद्ध उम्मीदवारों को नियुक्ति का प्रस्ताव केवल तभी किया जाएगा जब मुख्य सूची में शामिल उम्मीदवार कार्यभार ग्रहण नहीं करते हैं. |
| 4. | उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/ट्रेड परीक्षा/साक्षात्कार (यदि लागू है) में उत्तर हिंदी अथवा अंग्रेजी में देने का विकल्प होगा. |
| 5. | विज्ञापन में यथा निर्धारित अनुभव की अवधि सहित सभी पात्रता मानदंडों का निर्धारण आवेदन प्राप्ति की अंतिम तिथि (20.05.2021) के संदर्भ में किया जाएगा. |
| 6. | लिखित परीक्षा के लिए बुलाए गए बाहरी अजा/अजजा उम्मीदवारों को नियमों के अनुरूप सबसे छोटे मार्ग से द्वितीय श्रेणी रेलवे किराए का आने-जाने के भत्ते का भुगतान किया जाएगा. यद्यपि, उन अजा/अजजा उम्मीदवारों को यात्रा भत्ता देय नहीं है जो पहले ही केंद्रीय/राज्य सरकार की सेवाओं, केंद्रीय/राज्य सरकार के निगम, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्थानीय सरकारी निकायों और पंचायतों में है तथा लिखित परीक्षा/शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा के लिए यात्रा करने के लिए छूट का लाभ, यदि कोई है, ले चुके हैं.<br>टीए फार्म **<https://recruitment.vecc.gov.in>/Job Application/ Download Forms/TA claim form** से डाउनलोड करें.<br>● यात्रा भत्ते की प्रतिपूर्ति अजा/अजजा जाति प्रमाणपत्र और टिकटें/ई-टिकट प्रस्तुत करने के विषयाधीन की जाएगी. |
| 7. | उम्मीदवार सुनिश्चित कर लें कि उसने सही सूचना भरी है. जो उम्मीदवार झूठी सूचना प्रेषित करता है वह लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के अयोग्य हो जाएगा. वीईसीसी के पास आगे किसी भी चरण में किसी भी आवेदक की उम्मीदवारी नामंजूर करने का अधिकार सुरक्षित है. |

(शेष पृष्ठ 6 पर)

(पृष्ठ 1 का शेष)

## मानव विकास एवं पारिवारिक अध्ययन/नियोजन

1. इलेक्टव कोर्स

- बाल्य देखभाल और विकास
- ईसीसीडी संस्था/ सेन्टर प्रबंधन और व्यवस्था
- खेल तथा खेल सामग्री
- बच्चों के लिए रचनात्मक और क्रियाएं

2. कॅरियर ऑपच्युनिटी

- निर्देशन तथा काउंसलिंग सेन्टर में इम्प्लायमेंट स्वयं का
- जनकों तथा बच्चों का काउंसलिंग तथा निर्देशक सेन्टर
- बाल्यावस्था शिक्षा केन्द्र
- खिलौना उद्योग में कंसलटेंट

## पारिवारिक स्त्रोत व्यवस्था प्रबंधन

1. इलेक्टिव कोर्स

- इंटीरियर व एक्टेरियर सजावट
- पुष्प व्यवस्था
- रिक्त स्थान सजावट तथा इंटीरियर सजावट
- कम्प्यूटर एडेड इंटीरियर साज-सज्जा

2. कॅरियर ऑपच्युनिटी

- फर्नीचर उद्योग में इम्प्लाईमेंट
- फर्षीय इंटीरियर सजावट भूमिगत डिजाइनर
- डिस्प्ले डिजायनर एक्पई ऑफ फ्लावर
- अरेंटमेंट्स की तरह

## वस्त्र एवं परिधान

1. इलेक्टिव कोर्स

- कम्प्यूटर सम्मिलित टेक्स्टाईल डिजाइनिंग व प्रिंटिंग
- वोवन वस्त्र डिजाइनिंग प्रिंटिंग वस्त्र डिजाइनिंग
- टेक्सटाइल प्रिंटिंग

2. कॅरियर ऑपर्च्युनिटी

- सीएडी कम्प्यूटर सम्मिलित फैशन तकनीकी
- स्वयं का फैशन
- स्वयं का वस्त्र सिलाई केन्द्र
- फैशन गृह मैनेजर

## गृह विज्ञान एवं संचार प्रबंधन

1. इलेक्टिव कोर्स

- निर्देशन तकनीकी
- कम्प्यूटराईज्ड निर्देशन एड्स उत्पादन
- मल्टीमीडिया उत्पादन
- निर्देशत वीडियो तकनीक

2. कॅरियर ऑपर्च्युनिटी

- इन्फोर्मेशन मीडिया डिजाइनर
- आईटी केन्द्र में ट्रेनर
- स्वयं का मीडिया उत्पादन इकाई

## अकादमिक प्रोग्राम (बी.एससी. होम साइंस)

अवधि :- 4 वर्ष डिग्री प्रोग्राम

प्रवेश संशोधन एवं योग्यता

जोईन एन्ट्रेन्स टेस्ट में पास + (10+2) में मैरिट विज्ञान एग्रीकल्चर ग्रुप होम साइंस।

प्रोग्राम सीमा रेखा

कॉमन कोर्स - 6 सेमेस्टर (3 वर्ष)
प्रोफेशनल कोर्स - 1 सेमेस्टर (6 महीने)
रूरल एरियर वर्क एक्सपीरियंस - 1 सेमेस्टर (6 महीने)
ग्रामीण क्षेत्र में कार्य तथा औद्योगिक क्षेत्र में कार्य दोनों नौकरी अनुभव के लिए समानता है।

एम.एससी. (होम साइंस)
(FN, HDFS, HECM& TED)

अवधि :- 2 वर्ष (सेमेस्टर **SAU**)

ग्रेजुएट्स के लिए ढाई वर्ष

(5 सेमेस्टर) **NON SAU** कोर्स के लिए - प्री-पीजी टेस्ट पास,
योग्यता - बी.एससी. (होम साइंस)
अकादमिक प्रोग्राम :- 3 सेमेस्टर **SAU** कोर्स के लिए -4 सेमेस्टर **NON SAU** के लिए
रिसर्च :- 1 सेमेस्टर **SAU** व **NON SAU** कोर्स के लिए।

**PH.D (FN & HECM)**

अवधि :- ढाई वर्ष
रोस्टर बेसिस में मैरिट पास
योग्यता :- **M.SC (h.SC) FN, HECM** में
अकादमिक प्रोग्राम :- 3 सेमेस्टर कोर्स के लिए
रिसर्च :- 2 सेमेस्टर

## भारत में गृह विज्ञान पाठ्यक्रम चलाने वाले मुख्य संस्थान

1. स्वामी केशवानन्द कृषि विवि बीकानेर http://raubikaner.org
2. वनस्थली विद्यापीठ, वनस्थली, राजस्थान http://www.banasthali.org
3. जीबीआर कृषि एवं प्रौद्योगिकी विवि, पंतनगर, यूपी https://gbpuat.ac.in
4. बनारस हिन्दु विवि, वाराणसी, यूपी https://www.bhu.ac.in
5. आंध्र विवि, विशाखापट्टनम https://www.andhrauniversity.edu.in
6. दिल्ली विवि, दिल्ली http://www.du.ac.in
7. कलकत्ता विवि, सेनेट हाऊस, कोलकाता https://www.caluniv.ac.in
8. आचार्य एनजी रंग कृषि विवि, राजेन्द्र नगर हैदराबाद https://www.shiksha.com
9. बम्बई विवि, एमजी रोड़, मुम्बई https://mu.ac.in
10. पंजाब विवि चंडिगढ़ https://puchd.ac.in
11. पंजाब कृषि विवि, लुधियाना https://www.pau.edu
12. असम कृषि विवि, असम http://www.aau.ac.in
13. जय नारायण विवि, जोधपुर http://www.jnvu.co.in
14. लेडो इर्विन कॉलेज, नई दिल्ली http://www.ladyirwin.edu.in
15. गृह विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली https://icar.org.in
16. जबलपुर विवि, जबलपुर http://www.ascrdvv.in
17. सरदार पटेल विवि, गुजरात http://www.spuvvn.edu
18. एचपी कृषि विवि, हिमाचल प्रदेश http://www.hpuniv.ac.in
19. एसएनडीरी महिला विवि, मुम्बई https://sndt.ac.in
20. वीबीएस पूर्वांचन विवि, जौनपुर, यूपी http://www.vbspu.ac.in

लेखक नगेन्द्र नारायण किराड़ू (कलाकार) विश्व विद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र, बीकानेर में कार्यरत है।

(पृष्ठ 4 का शेष)

| | |
|---|---|
| 8. | उम्मीदवारों को इस विज्ञापन के अनुरूप अपेक्षित अर्हताओं के अलावा अर्जित की गई अपनी शैक्षणिक अर्हताओं को घोषित कर देना चाहिए. |
| 9. | उम्मीदवारों के पास एक वैध ई-मेल आईडी और मोबाइल नंबर होना अपेक्षित है. इसे इस भर्ती के संचालन के दौरान सक्रिय रखा जाना चाहिए. निष्क्रिय मोबाइल नंबर/ई-मेल आईडी पर प्राप्त नहीं होने वाले संदेशों के लिए यह सेंटर जिम्मेदार नहीं होगा. |
| 10. | इस अनुसंधान केंद्र के पास पद को भरने अथवा यहां तक कि आगे बगैर कोई सूचना जारी किए अथवा इसका कोई कारण बताए बिना संपूर्ण भर्ती प्रक्रिया को निरस्त/सीमित/संशोधित/परिवर्तित करने का अधिकार सुरक्षित है. |
| 11. | चयनित उम्मीदवारों की तैनाती रिक्तियों की उपलब्धता के अनुरूप सक्षम प्राधिकारी के विवेक पर की जाएगी. **उन्हें भारत में कहीं भी, परमाणु ऊर्जा विभाग की किसी भी संबद्ध इकाई में सेवा करनी पड़ सकती है.** इसके अलावा, ड्यूटियों में चौबीसों घण्टे पारियों सहित पारियों में कार्य करना, फील्ड कार्य और प्रचालन क्षेत्रों में कार्य करना शामिल हो सकता है. |
| 12. | उम्मीदवार जिन्होंने ऑनलाइन आवेदन की प्राप्ति की अंतिम तिथि (20.05.2021) को विज्ञापन में निर्धारित अपेक्षित शैक्षणिक अर्हता अर्जित नहीं की है वे पात्र नहीं होंगे और उन्हें आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है. |
| 13. | यदि विश्वविद्यालय/बोर्ड अक्षर ग्रेड/सीजीपीए/ओजीपीए/एसजीपीए प्रदान करते हैं, इसका उस विश्वविद्यालय/बोर्ड के अनुरूप समकक्ष अंक प्रतिशतता के तौर पर उल्लेख करना होगा. इसके अभाव में उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा. उम्मीदवार दस्तावेज सत्यापन के समय संबंधित संस्थान से कन्वर्जन का सबूत प्रस्तुत करने में समर्थ होना चाहिए. |
| 14. | केंद्रीय/राज्य सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों, स्वायत्त संस्थाओं आदि के अधीन कार्यरत उम्मीदवारों के लिए लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' प्रस्तुत करना अपेक्षित है, अन्यथा उन्हें लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी. |
| 15. | अजा/अजजा/अपिव/ईडब्ल्यूएस श्रेणी से संबंधित उम्मीदवारों को आवेदन-पत्र में इसका स्पष्ट उल्लेख करना चाहिए (यहां तक कि जब वे अना रिक्ति के लिए भी आवेदन कर रहे हैं) और उन्हें लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (यदि लागू है) के समय विनिर्दिष्ट प्रपत्र में इसका सबूत प्रेषित करना चाहिए अन्यथा उन्हें अनारक्षित (अना) समझा जाएगा और बाद में समुदाय के दर्जे में परिवर्तन के लिए किसी अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. |
| 16. | **उम्मीदवारों को वेबसाइट की नियमित रूप से जांच करनी चाहिए. भर्ती के संबंध में सभी सूचना वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाएंगी. वेबसाइट पर प्रदर्शित सूचना को उम्मीदवारों को सूचना के तौर पर माना जाएगा.** |
| 17. | स्क्रीनिंग परीक्षा/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय, उम्मीदवार को ऑनलाइन आवेदन पत्र और प्रवेश पत्र (वेबसाइट से डाउनलोड किया जाना है) का प्रिंट आउट साथ में मूल रूप में पहचान के समर्थन में दस्तावेज (आधार कार्ड/पैन कार्ड/ड्राइविंग लाइसेंस/वोटर कार्ड) और विज्ञापन में यथा उल्लिखित सभी संगत दस्तावेजों की स्वयं सत्यापित प्रतियां लेकर आना चाहिए. |
| 18. | उम्मीदवारों को लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार (यदि लागू है) के लिए 2 से 3 दिन कोलकाता में ठहरने के लिए तैयार होकर आना चाहिए. |
| 19. | भूतपूर्व सैनिक जो कि भूतपूर्व सैनिकों को उनके पुनः रोजगार के लिए प्रदान किए गए आरक्षण का लाभ लेने के उपरांत नियमित आधार पर सरकार में सिविल साइड में रोजगार पहले ही अर्जित कर चुके हैं वे भूतपूर्व सैनिक श्रेणी के अधीन आरक्षण के लाभ का दावा करने के लिए पात्र नहीं हैं. |

**VIII स्क्रीनिंग परीक्षा/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के समय प्रस्तुत किए जाने वाले प्रमाणपत्रों की प्रतियां.**

| | |
|---|---|
| 1. | शैक्षणिक अर्हताएं, अनुभव (जैसा कि लागू है) और तकनकी अर्हताएं (उचित अंक शीटों से समर्थित* परीक्षा में ऑफर किए गए विषयों को इंगित करते हुए).<br>**(*सेमेस्टर/वर्ष वार अंक शीट और समेकित अंक शीट)** |
| 2. | एकीकृत पाठ्यक्रम प्रमाणपत्र रखने वाले उम्मीदवारों को विज्ञापन में किए गए उल्लेख के अनुसार व्यक्तिशः डिग्री/डिप्लोमा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना चाहिए. |
| 3. | जन्म तिथि/आयु का सबूत. |
| 4. | अजा/अजजा श्रेणी (प्रमाणपत्र परिशिष्ट-1* में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में सक्षम प्राधिकारी से जारी किया गया होना चाहिए. समुदाय संबंधित राज्य के संबंध में राष्ट्रपति के आदेशों में सम्मिलित होना चाहिए). |
| 5. | अपिव उम्मीदवारों का जाति प्रमाणपत्र केंद्रीय सरकार के निर्धारित प्रारूप में अधिकृत प्राधिकारी से जारी किया गया होना चाहिए साथ में गैर संपन्न वर्ग प्रमाणपत्र होना चाहिए तथा जाति/समुदाय अन्य पिछड़ा वर्गों की केंद्रीय सूची में शामिल होनी चाहिए. अपिव गैर संपन्न वर्ग प्रमाणपत्र के निर्धारण के लिए निर्णायक तिथि ऑनलाइन आवेदन की बंद होने की तिथि (20.05.2021) होगी. अपिव उम्मीदवारों को **परिशिष्ट-2*** में दिए गए अनुसार प्रारूप में गैर संपन्न वर्ग की स्व घोषणा भी संलग्न करनी चाहिए.<br>आयु में छूट और आरक्षण के उद्देश्य के लिए अपिव से आशय है: ''अपिव श्रेणियों के व्यक्ति जो कि संपन्न वर्ग से संबंधित नहीं है, जैसा कि भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36012/22/93-स्था. (एससीटी) दिनांक 08.09.93 में परिभाषित और भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-स्था. (आर.) दिनांक 09.03.2004, का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-स्था. (आर.) दिनांक 14.10.2008, का.ज्ञा. सं. 36033/1/2013-स्था. (आर.) दिनांक 09/03/2004, का.ज्ञा. सं. 36033/3/2004-स्था. (आर.) दिनांक 14.10.2008, का.ज्ञा. सं. 36013/1/2013-स्था. (आर.) दिनांक 27/05/2013 और भारत सरकार, कार्मिक और प्रशिक्षण विभाग के का.ज्ञा. सं. 36033/1/2013-स्था. (आर.) दिनांक 13.09.2017 के तहत नवीनतम संशोधन में यथा परिभाषित है. **(परिशिष्ट-3* में दिए गए प्रपत्र के अनुरूप).** |
| 6. | डिस्चार्ज प्रमाणपत्र (केवल भूतपूर्व सैनिक कार्मिक के लिए लागू) |
| 7. | अजा/अजजा/अपिव श्रेणियों से संबंधित महाराष्ट्र राज्य से उम्मीदवारों के लिए 23 मई 2001 को महाराष्ट्र सरकार राजपत्र में प्रकाशित महाराष्ट्र अनुसूचित जातियां, अनुसूचित जनजातियां, डी-नोटिफाइड ट्राइब्स, (विमुक्त जातियां), नोमेडिक ट्राइब्स, अन्य पिछड़ा वर्ग और विशेष पिछड़ी श्रेणी (जारी करने और सत्यापन के विनियम) जाति प्रमाणपत्र अधिनियम, 2000 के अनुरूप जांच समिति से वैधता प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक है. |
| 8. | शारीरिक निःशक्तता के संबंध में उपयुक्त प्राधिकारी से निःशक्तता प्रमाणपत्र [अनुलग्नक-4 में दिए गए प्रपत्र के अनुरूप* **(निःशक्त व्यक्तियों के लिए लागू)**].<br>**(क)** केंद्रीय सरकार द्वारा निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की संरक्षा और पूर्ण भागीदारी) अधिनियम, 1995 (1996 का 1) के अनुच्छेद 73 के उप अनुच्छेद (1) और (2) द्वारा प्रदत्त की गई शक्तियों का प्रयोग करते हुए 31.12.1996 को अधिसूचित निःशक्त व्यक्ति (समान अवसर, अधिकारों की संरक्षा और पूर्ण भागीदारी) नियम, 1996 के अनुरूप निःशक्तता प्रमाणपत्र केंद्रीय अथवा राज्य सरकार द्वारा विधिवत गठित चिकित्सा बोर्ड द्वारा जारी किया जाएगा. केंद्रीय/राज्य सरकार एक चिकित्सा बोर्ड का गठन कर सकती हैं जिसमें कम से कम तीन सदस्य हों, जिनमें से कम से कम एक सदस्य संगत क्षेत्र से विशेषज्ञ होगा.<br>**(ख)** जिनकी निःशक्तता अस्थाई है उनका प्रमाणपत्र 5 वर्ष की अवधि के लिए वैध होगा. जहां कहीं निःशक्तता की डिग्री में परिवर्तन के अवसर हैं चिकित्सा बोर्ड प्रमाणपत्र की वैधता की अवधि को इंगित करेगा. जिनकी स्थाई निःशक्तता है, वैधता को स्थाई के तौर पर दर्शाया जा सकता है. आवेदक के अभ्यावेदन पर चिकित्सा बोर्ड सभी तथ्यों और मामले की स्थितियों के संबंध में अपने निर्णय की संवीक्षा कर सकता है और मामले में जो वह उचित समझता है आदेश पारित कर सकता है.<br>**(ग)** अजा/अजजा/अपिव निःशक्त व्यक्ति जिनका चयन बिना किसी रियायत मानदंडों के अपनी मैरिट पर अन्य उम्मीदवारों के साथ होता है उन्हें अनारक्षित रिक्तियों के तहत विचार में लिया जाएगा बशर्ते कि पद की संगत श्रेणी के निःशक्त व्यक्तियों की पहचान की गई है (यथा लागू). |
| 9. | उम्मीदवार जो कि अजा/अजजा/अपिव के लिए आरक्षण की योजना के तहत नहीं आते हैं और जो कि ईडब्ल्यूएस श्रेणी के अंतर्गत आते है वे सक्षम प्राधिकारी से जारी आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करते हुए ईडब्ल्यूएस के अधीन आरक्षण का लाभ ले सकते हैं. इस विज्ञापन के लिए ऑनलाइन आवेदन के लिए बंद होने की स्थिति के अनुरूप ईडब्ल्यूएस दर्जे पर ही आरक्षण का लाभ लेने हेतु, यदि पात्र हैं, विचार में लिया जाएगा. इसके बाद उम्मीदवार के समुदाय/ईडब्ल्यूएस दर्जे में किसी भी परिवर्तन पर विचार नहीं किया जाएगा.<br>आय और परिसंपत्ति प्रमाणपत्र **अनुलग्न-5*** में दिए गए निर्धारित प्रपत्र में होना चाहिए. |
| 10. | इस बात का सबूत कि वे 1984 के दंगों से प्रभावित हैं (यदि आयु में छूट का दावा कर रहे हैं). |
| 11. | **01.01.1980 से 31.12.1989 तक** कश्मीर डिविजन में अधिवासी होने के संबंध में दावा (यदि कश्मीर डिविजन के लिए आयु में छूट का दावा कर रहे हैं).<br>**आवास के सबूत का प्रमाणपत्र :** कोई व्यक्ति जो कि नियम-3 के अधीन देय आयु सीमा में इस छूट का लाभ लेने का इच्छुक है कश्मीर डिविजन में जिलाधीश से, जिसके कार्याधिकार क्षेत्र में वह साधारणतः निवासी था, अथवा जम्मू एवं कश्मीर सरकार की ओर से किसी अन्य अधिकृउत प्राधिकारी से इस संबंध में एक प्रमाणपत्र प्रस्तुत करेगा कि वह 1 जनवरी, 1980 से 31 दिसंबर, 1989 तक की अवधि के दौरान जम्मू एवं कश्मीर की कश्मीर डिविजन का साधारणतः अधिवासी रहा है. |
| 12. | कोई अन्य संगत प्रमाणपत्र (यदि लागू है). |
| | *अनुलग्नक वेबसाइटः **<https://recruitment.vecc.gov.in>** पर लिंक **<JobApplication' Download Forms>** से डाउनलोड किए जा सकते हैं. |
| | चेतावनी:<br>**(क)** विज्ञापन में यथा निर्धारित अपेक्षाएं पूरी करने मात्र से कोई उम्मीदवार लिखित परीक्षा/शारीरिक मूल्यांकन परीक्षा/साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने के लिए अर्हक नहीं हो जाएगा. अचयनित उम्मीदवारों से किसी पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.<br>**(ख)** उम्मीदवारों को उनके ऑनलाइन आवेदन-पत्र में उनके द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर शारीरिक मूल्यांकन/लिखित परीक्षा/कौशल परीक्षा/साक्षात्कार के लिए अल्पसूचीबद्ध किया जाएगा. उन्हें यह सुनिश्चित करना चाहिए यह सूचना सही है. यदि किसी भी चरण में अथवा साक्षात्कार के समय, यह पाया जाता है कि उनके द्वारा ऑनलाइन आवेदन-पत्र में दी गई सूचना अथवा उनके द्वारा किया गया कोई दावा झूठा है तो उनकी उम्मीदवारी नामंजूर कर दी जाएगी और जो भी उचित होगी अन्य उपयुक्त कार्रवाई भी की जा सकती है. |
| | **इस भर्ती के संबंध में कोई भी विवाद केवल कोलकाता में स्थित अदालतों के कार्याधिकार क्षेत्र में होगा.** |
| | **अचयनित उम्मीदवारों के रिकॉर्ड को चयन सूची तैयार होने की तिथि से 6 माह से अधिक संरक्षित नहीं रखा जाएगा.** |

**किसी भी प्रकार की सिफारिश को अयोग्यता माना जाएगा.**

## * * * ज्ञान- विज्ञान आधारित प्रशोनत्तरी * * *

1. सुंदर कांति महिला क्रिकेट पुरस्कार 2020-21 किसे प्रदान किया जाएगा ?
   (अ) प्रियंका शर्मा (ब) आयुषी गर्ग
   (स) सिमरन चैधरी (द) प्रिया पुनिया

2. पैरा निशानेबाजी विश्वकप में राजस्थान की अवनी लेखरा ने कौनसा पदक जीता है ?
   (अ) स्वर्ण (ब) रजत
   (स) कांस्य (द) इनमें से कोई नहीं

3. हाल ही में चर्चित सामोद हनुमान मंदिर राजस्थान के किस जिले में है?
   (अ) जालौर (ब) उदयपुर
   (स) जयपुर (द) अलवर

4. हाल ही में आचार्य उमेश शास्त्री पुरस्कार से किसे सम्मानित किया गया ?
   (अ) डॉ अनिल जैन मणि (ब) पंडित अनंत शर्मा
   (स) इंदु शेखर तत्पुरूष (द) कोई नहीं

5. हाल ही में सूरतगढ़ सुपर थर्मल पावर प्लांट की किस इकाई में बिजली उत्पादन शुरु हुआ है ?
   (अ) पांचवी (ब) छठी
   (स) आठवीं (द) इनमे से कोई नहीं

6. राजस्थान में राज्य स्तरीय फिनटेक पार्क कहां स्थापित किया जाएगा ?
   (अ) जयपुर (ब) भीलवाड़ा
   (स) अलवर (द) कोटा

7. बायोडीजल डोर टू डोर सप्लाई करने वाला देश का प्रथम राज्य कौनसा बना है ?
   (अ) गुजरात (ब) राजस्थान
   (स) केरल (द) तमिलनाडु

8. राजस्थान के किस बायोलॉजिकल पार्क में सफेद बाघों को विकसित किया जाएगा ?
   (अ) नाहरगढ़ (ब) सज्जनगढ़
   (स) माचिया सफारी (द) रामगढ़

9. राजस्थान राज्य प्राकृतिक चिकित्सा बोर्ड का गठन किया गया इसके अध्यक्ष बनाए गए है ?
   (अ) मुख्यमंत्री (ब) चिकित्सा मंत्री
   (स) मुख्य सचिव (द) आयुर्वेद सचिव

**- उत्तरमाला -** 1(अ), 2(ब), 3(स), 4(ब), 5(स), 6(अ), 7(ब), 8(अ), 9(ब)

सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

#राजस्थान_सतर्क_है



14 अप्रैल 1891 – 6 दिसम्बर 1956

'भारत रत्न' बाबासाहेब

# डॉ. भीमराव अम्बेडकर

के जन्म दिवस पर **कोटि-कोटि नमन**



"डॉ. भीमराव अम्बेडकर एक ऐसे युग पुरुष थे जिनका जीवन देशहित को समर्पित था। सामाजिक एकता हेतु उनकी सकारात्मक सोच, राष्ट्रीय स्तर पर दूरदर्शी दृष्टिकोण और व्यक्तिगत जीवन में उनकी योग्यताएं अतुलनीय थीं। आइये, उनके जन्म दिवस पर उनके द्वारा दिखाये गये मार्ग पर चलने के प्रण को दोहराएं एवं उनके जीवन से प्रेरित होकर देशहित में अपनी भागीदारी निभाएं।"

- अशोक गहलोत, मुख्यमंत्री

पहनिए मास्क | धोइए हाथ | रखिए दो गज दूरी

किसी भी सहायता हेतु 181 पर सम्पर्क करें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान

रा.रो.सं 13/2021

राजस्थान संवाद

## राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ

(नेशनल एकेडमी ऑफ आयुर्वेद)

(आयुष मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)

धन्वन्तरि भवन, मार्ग संख्या-66, पंजाबी बाग (पश्चिम), नई दिल्ली-110026

दूरभाष संख्या : 011- 25228548 एवं 25229753

ई-मेल : ravidyapeethdelhi@gmail.com

### पीएच.डी. कार्यक्रम के लिए प्रवेश- 2020-21

रा.आ.वि. द्वारा आई.आई.टी. वाराणसी में पूर्णकालिक पीएच.डी. (आयुर्वेद) कार्यक्रम के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे है.

| पाठ्यक्रम की अवधि | शिक्षावृत्ति | कुल संख्या |
|---|---|---|
| न्यूनतम तीन वर्ष | रु. 50,000/- (समेकित) | 02 |

विवरण, आवश्यकताएं, पात्रता मानदंड और आवेदनपत्र हेतु विद्यापीठ की वेबसाइट www.ravdelhi.nic.in पर उपलब्ध है. आवेदन पत्र दिनांक 30 अप्रैल, 2021 तक विद्यापीठ भेज सकते है.

राष्ट्रीय आयुर्वेद विद्यापीठ

## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते है। - संपादक

## सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी है। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक

## राजस्थान रोजगार संदेश

मुख्य सम्पादक
प्रवीण माथुर
निदेशक, रोजगार सेवा निदेशालय
राजस्थान, जयपुर
मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक
हरी राम बड़गुजर
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398
ई-मेल: adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in

स्वत्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक **सहायक निदेशक(प्रकाशन)** द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन- 0141-3981148 ( भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर ) से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक-हरी राम बड़गुजर